# नकशा

## एक चित्र होता है



# नक्शा

एक चित्र होता है





यह एक छिपे खजाने का नक्शा है. बहुत पहले समुद्री डाकू इस तरह के नक्शे बनाते थे. उन्होंने अपने सोने और जवाहरात के खजाने कहाँ दफनाए थे वो दिखाने के लिए उन्होंने यह नक्शा बनाया था. खजाने के इस नक्शे पर दिए दिशा-निर्देशों का पालन करना आसान है. तुम उन्हें खुद पढ़ सकते हो.



## खजाने का नक्शा


बंदरगाह से मुख्य पहाड़ी के रास्ते पर चलो.
बड़ी चट्टान पर बाएं मुड़ो.
फिर बीस कदम सीधे चलो.
रास्ते में जंक्शन पर दाएं मुड़ो.
रास्ते के बाईं ओर बाँझ के पेड़ तक
पहुँचने के लिए दस कदम चलो.
बाँझ के पेड़ के किनारे 4 फीट नीचे खुदाई करो.
वहां पर जे. आर. के अक्षर खुदे होंगे.






यह एक अन्य प्रकार का नक्शा है. यह एक शहर का नक्शा है. तीर से पता चलता है कि कौन सी दिशा उत्तर की ओर है.

सिलेटी-घर का मुंह उत्तर की ओर है. आप यह आसानी से बता सकते हैं क्योंकि वो उसी दिशा में है जिस ओर तीर इंगित करता है.



उत्तर के विपरीत दक्षिण है. पुल, घर के दक्षिण में है. पुल के नीचे की नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है.


इस नक्शे में एक कुंजी है.

कुंजी आपको कुछ चीज़ों के बारे में बताती है :

| | |
|---|---|
| पेड़ या झाड़ियाँ | रेलमार्ग |
| पहाड़ | स्कूल |
| चर्च | झील |
| पक्की सड़क | दलदल |
| नदी | पुल |
| | हवाई अड्डा |

स्कूल और रेल की पटरियों का पता लगाएं.

हवाई अड्डे, झील, नदी, पुल और दलदल का पता लगाएं.



मानचित्र पर वास्तविक चीजों को छोटा दिखाया जाता है. यदि उन्हें उनके वास्तविक आकार का दिखाया गया तो वे कागज पर फिट ही नहीं होंगी. इस नक्शे पर एक इंच ज़मीन, असल में एक मील होगी. तब हम कहेंगे कि एक मील का स्केल (पैमाना) एक इंच होगा.

स्कूल से हवाई अड्डे तक कितने इंच हैं, उन्हें मापें. फिर इंचों को मीलों में बदलें. उससे आपको स्कूल से हवाई अड्डे तक की असली दूरी पता चलेगी.


प्रत्येक नक्शे का अपना एक अलग पैमाना (स्केल) होता है. एक इंच 10 मील, 20 मील, या फिर सैकड़ों मील भी हो सकता है. बाहरी अंतरिक्ष के मानचित्र में एक इंच, लाखों मील हो सकता है.






आप अपने पास-पड़ोस का नक्शा बना सकते हैं. उसमें अपने घर, स्कूल, अपने प्रिय स्टोर आदि को दिखाने के लिए आप एक कुंजी का उपयोग करें. आप उसमें फायर ब्रिगेड, पुलिस स्टेशन, अस्पताल और पार्क भी जोड़ सकते हैं. यदि आप नदियों, पहाड़ों या झीलों के पास हों तो आप उन्हें भी अपने नक्शे पर दिखा सकते हैं.

## कुंजी



आपका घर

आपका स्कूल

फायरहाउस


पार्क

पुलिस थाना


अस्पताल

प्रिय स्टोर

नदी



यह पूरी दुनिया का नक्शा है.
आप उसमें खुद को खोजें.




यह दुनिया के एक हिस्से का नक्शा है.
यह उत्तरी अमेरिका का महाद्वीप है.
उसमें संयुक्त राज्य अमेरिका को दिखाएं.






यह संयुक्त राज्य अमेरिका का नक्शा है. आप वहां किस राज्य में रहते हैं, वो पता लगाएं.





यह कंसास राज्य का एक नक्शा है.
उसमें विचिटा शहर का पता लगाएं.


यह विचिटा का नक्शा है. उसमें एस्टेले स्ट्रीट का पता लगाएं.

अपने शहर के नक्शे पर आप जिस सड़क पर रहते हैं,
उसका पता लगाएं.


कई प्रकार के नक़्शे होते हैं - दुनिया, महाद्वीपों, देशों, राज्यों, शहरों, गांवों, कस्बों और पास-पड़ोस के.

कई अन्य प्रकार के नक्शे भी होते हैं.






यह एक रोड मैप है. एक जगह से दूसरी जगह जाने में यह आपकी मदद करेगा. विचिटा से टोपेका तक के मार्ग का पता लगाएं. आप एम्पोरिया के पास से गुजरेंगे. विचिटा से टोपेका तक जाने में आप कितने मील की दूरी तय करेंगे.




## मसाचुसेट्स खाड़ी

यहाँ एक वायुमार्ग का नक्शा है. इस पर आप उन मार्गों को देख सकते हैं जिन पर हवाई-जहाज उड़ते हैं. विमान के पायलट आकाश में इन ही रास्तों से गुज़रते हैं, बिल्कुल उसी तरह जैसे आप एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए जमीन पर सड़कों का सहारा लेते हैं.

उतरने वाली पट्टी ⊖ 1200 फीट

बाधाएं ^

रेडियो रेंज


नियंत्रण क्षेत्र

आपके शहर में पानी के पाइपों का भी एक नक्शा होगा. यदि कोई पाइप टूटता है, तो मरम्मत करने वाला मिस्त्री उस नक्शे को देखेगा. वो यह देखेगा कि टूटा पाइप खोजने के लिए उसे सड़क पर को कहां खुदाई करनी होगी.




अगले पेज पर एक कृषि-मानचित्र है. आप कुंजी को देखकर पता कर सकते हैं कि मक्का कहाँ उगाई गई है, कपास कहाँ बोई गई है, पेड़ और जंगल कहाँ उगे हैं, और मूंगफली कहाँ लगाई गई है.


मक्का
कपास
मूंगफली
जंगल
1
27
1




यह समुद्र का एक नक्शा है. यह नक्शा पानी की गहराई को दिखाता है. वो दिखाता है कि समुद्र के नीचे कहाँ पर पहाड़ और घाटियाँ हैं. एक गोताखोर को समुद्र के नक्शे से फायदा होगा.

महासागर की गहराई फ़ीट में.




यह सितारों का नक्शा है. आप इस नक्शे की मदद से रात के आसमान में सितारों और नक्षत्रों को खोज सकते हैं. एक अंतरिक्ष यात्री सितारों का नक्शा पढ़ता है.

पेट्रोल पम्प पर आपको अपने राज्य की सड़कों का नक्शा मिल सकता है. उसमें पता करें कि आप कहाँ हैं. अपनी अगली यात्रा पर आप कहां जाएंगे उसे नक़्शे पर दिखाएँ.

अब आप एक नक्शा पढ़ रहे हैं.

